CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 184 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 26 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनावों से पहले बड़ा बदलाव: अनपढ़ उम्मीदवार बाहर, सरपंच के लिए 10वीं पास अनिवार्य करने की तैयारी

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान की राजनीति में अगले साल होने वाले पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों से पहले बड़ा और निर्णायक मोड़ आने वाला है। सरकार ने स्थानीय स्वशासन चुनावों में शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने की तैयारी कर ली है। प्रस्ताव लागू हुआ तो अनपढ़ उम्मीदवार सरपंच, पार्षद, मेयर, सभापति, नगरपालिका अध्यक्ष, जिला प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। अंतिम फैसला मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेना है।

सूत्रों के मुताबिक शहरी विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायतीराज विभाग दोनों ने अपने-अपने प्रस्ताव मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेज दिए हैं।



प्रस्ताव में सरपंच के लिए न्यूनतम 10वीं पास योग्यता अनिवार्य करने का सुझाव है, जबकि पार्षदों के लिए 10वीं या 12वीं में से किसी एक योग्यता को लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संकेत दिए हैं कि शैक्षणिक योग्यता लागू करने के लिए पंचायतीराज एक्ट और नगरपालिका कानून में संशोधन करना होगा। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद दो अलग-अलग विधेयक लाए जाएंगे, जिन्हें विधानसभा के आगामी बजट सत्र में पारित कराया जा सकता है।

यह व्यवस्था पहले भी रह चुकी है। 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में शैक्षणिक योग्यता लागू की गई थी। तब सरपंच के लिए 8वीं, पार्षद व पंचायत समिति/जिला परिषद सदस्यों के लिए 10वीं पास की शर्त थी, जबकि टीएसपी क्षेत्रों में सरपंच के लिए 5वीं पास पर्याप्त थी।2018 में सत्ता परिवर्तन के बाद अशोक गहलोत सरकार ने 2019 में यह प्रावधान हटा दिया था। 2015 में लागू शैक्षणिक योग्यता का पंचायतीराज चुनावों में भाजपा को लाभ मिला था। अब एक बार फिर भाजपा के भीतर से इसकी पैरवी तेज हुई, जिसके बाद प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही यह फैसला चुनावी तस्वीर और उम्मीदवारों की सूची दोनों को बदल सकता है।

## बलात्कार व जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में बलात्कार, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन जैसे गंभीर अपराध के एक मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की परिवादिया ने 22 दिसंबर को थाना प्रतापनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब डेढ़ माह पूर्व शौकत मंसूरी निवासी जूनावास, उसके घर आया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए और किसी को बताने पर उसे व उसकी नाबालिग पुत्री को जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके बाएं हाथ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर 20 हजार रुपये नकद व चांदी की पायजेब भी जबरन ले ली। करीब 15 दिन पूर्व आरोपी दोबारा उसके घर आया और जान से मारने की धमकी देकर फिर से बलात्कार किया। साथ ही पिछले कुछ दिनों से आरोपी उस पर दबाव बना रहा था कि वह हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाए और उससे निकाह करे, अन्यथा उसे व उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।



परिवादिया के अनुसार आरोपी ने सुनियोजित साजिश के तहत एक अकेली महिला को निशाना बनाकर न केवल उसका यौन शोषण किया, बल्कि ब्लैकमेलिंग, धमकी, नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें तथा जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर गंभीर अपराध कारित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

## बीगोद में पुलिस ने चोरों की निकाली परेड

## चोरी की वारदात का कराया मौका-मुआयना

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह नगर में दो चोरों की परेड निकाली। परेड के दौरान चोरों ने दुकानों में चोरी की वारदात को किस तरह अंजाम दिया, इसकी जानकारी भी दी। चोरों की परेड देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि 20 दिसंबर को नगर की दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद पुलिस टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान कोटा के उद्योगपुरा निवासी रवि बैरागी पुत्र उदयलाल बैरागी तथा राजू पुत्र जमनालाल भील को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त वैन को जब्त कर लिया है, साथ ही चोरी गया माल भी बरामद किया गया है। गुरुवार सुबह नगर में चोरों की परेड निकालकर घटनास्थलों पर मौका-मुआयना भी कराया गया, ताकि वारदात की पूरी कड़ी स्पष्ट की जा सके।



## एम.डी. पाउडर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एम.डी. पाउडर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की बीती 24 दिसंबर को एनएच-48 पर न्यू गिल पंजाब रेस्टोरेंट के सामने चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर जाने वाले हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान डीएसटी की सूचना पर पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। प्रथम दृष्टया उसके पास अवैध मादक पदार्थ होने की आशंका पर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदिग्ध ने घबराते हुए अपना नाम शांतिलाल तेली निवासी कुवालिया, थाना साडास, जिला चित्तौड़गढ़ बताया। तलाशी लेने पर उसके पहने हुए लोवर में एक पारदर्शी प्लास्टिक थैली में एम.डी. पाउडर बरामद हुआ। पुलिस ने बिना वैध लाइसेंस/परमिट के एम.डी. पाउडर रखने व परिवहन करने के आरोप में अभियुक्त को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया ।



## कार चोरी गिरोह का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई कार चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई कार को बरामद कर लिया है तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने इसी चोरी की गई कार का उपयोग पटेलनगर स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में हुई एक अन्य चोरी की वारदात में भी किया था। पुलिस ने वांछित




अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया। थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने बताया की बीती 22 दिसंबर को मोहम्मद फरजन निवासी शास्त्रीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मारुति कार 21 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उसके मकान के बाहर से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली थी । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके आधार पर कार चोरी की वारदात में शामिल तीन आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई कार बरामद की गई, वहीं चोरी के दौरान उपयोग में ली गई मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुल्तान उर्फ तारू पिता घीसुलाल (38), निवासी बनेड़ा, गणेश पिता हीरानाथ नाथ (36), निवासी बनेड़ा तथा कैलाश जाट पिता कल्याण जाट (36), निवासी बनेड़ा, के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक मामलों के कई प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें अधिकांश में न्यायालय में ट्रायल लंबित है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जन-जागरूकता गोष्ठी आज बिजौलिया में




भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे कस्बे के सामुदायिक भवन में जन-जागरूकता गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

गोष्ठी में एसीबी के टोल फ्री नंबर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन 94135-02834 के प्रचार-प्रसार के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आमजन की भागीदारी पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में कस्बे के आम नागरिकों, व्यापार मंडल, माइंस व ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन तथा मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ करेडा ।

थाना क्षेत्र में हुए एक ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पत्नी ने प्रेम संबंधों के चलते अपने पति की हत्या की साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिलवाया। पुलिस ने वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले का पर्दाफाश किया। यह कार्रवाई थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की बीती 24 दिसंबर को मांगीलाल कुमावत निवासी डांग का खेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र जगदीश चंद्र कुमावत 23 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे खेत पर फसल की रखवाली के लिए मोटरसाइकिल से गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे मिली और बाद में खेत के पास तालाब के पीछे कुएं के पास झाड़ियों में उसकी लाश पाई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल निरीक्षण, तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और संदिग्धों से मनोवैज्ञानिक पूछताछ के आधार पर जांच की। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी का गोपाल कुमावत से प्रेम संबंध था। दोनों ने मिलकर जगदीश चंद्र की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में श्रद्धा व पर्यावरण चेतना के साथ मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

हरि शेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर परिसर में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य सत्यनारायण शर्मा ने विधिवत रूप से तुलसी माता की पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व संत-महात्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि सनातन परंपरा में तुलसी माता को अत्यंत पवित्र माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी पूजन से घर-परिवार में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही तुलसी के औषधीय गुणों पर





प्रकाश डालते हुए इसे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए भी उपयोगी बताया गया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि तुलसी पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश भी देता है। उन्होंने लोगों से अपने घरों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने तुलसी माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर देश व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर संत मायाराम, संत राजाराम, गोविन्द राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, चांदमल सोमानी, रविंद्र जाजू, रमेश मूंदड़ा, महावीर खंडेलवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अवैध पिस्टल सप्लायर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



हमीरगढ़ थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की सप्लाई में लिप्त एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया की हमीरगढ़ हवाई पट्टी के पास जंगल क्षेत्र में एक सुनसान वेन्यू कार संदिग्ध अवस्था में मिली। वाहन की तलाशी लेने पर कार से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने वेन्यू कार व पिस्टल को जब्त कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान वाहन स्वामी दशरथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि अवैध पिस्टल उसने कपिल शर्मा निवासी पाण्डोली, जिला चित्तौड़गढ़ से खरीदी थी। आरोपी कपिल शर्मा लंबे समय से गिरफ्तारी के भय से फरार चल रहा था। गठित पुलिस टीम ने निरंतर प्रयास करते हुए वांछित अवैध पिस्टल सप्लायर कपिल शर्मा को गंगरार क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा आरोपी से अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी पूछताछ की जा रही है।

# ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 : क्रिकेट हाकुंभ का शुभारंभ, पहले मैच में पथिक क्लब ने मारी बाज़ी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 का गुरुवार को बड़े खेल मैदान में शुभारंभ हुआ। पंचायत स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। पहले ही दिन मुकाबलों ने दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया।

प्रतियोगिता के मुकाबले टी-10 प्रारूप में खेले जा रहे हैं। सेमीफाइनल मुकाबले 12-12 ओवर तथा फाइनल मुकाबला 15 ओवर का होगा। प्रतिदिन 3 से 4 मुकाबले खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पथिक क्लब बिजोलिया एवं साह क्लब



बिजोलिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पथिक क्लब ने 108 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साह क्लब की टीम 85 रन ही बना सकी। पहले मैच में पथिक क्लब ने उद्घाटन मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। पथिक क्लब के दीपक धाकड़ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता अध्यक्ष तूफान यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, युवा कांग्रेस भीलवाड़ा



हैं। आयोजन कुणाल आर्य, हेमंत सिंह भदौरिया सहित उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। स्पॉन्सर के रूप में सुमित जोशी, एडवोकेट एवं पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष का सहयोग है ।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मनाई गई । युवा नेता देवराज जाट ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस दौरान सवाईपुर प्रशासक किशन जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, ओमप्रकाश काष्ट, लादूलाल जाट खजीना, कांस्टेबल श्रवण कुमार, दयाल सिंह, अर्जुन जाट, बलवंत, विष्णु जाट, राकेश गाडरी, हरि भवादा आदि मौजूद रहे ।।

# महाप्रभु रामचरण जी महाराज के प्राकट्य महोत्सव को लेकर संपर्क अभियान, बिजोलिया में घर-घर दिया गया निमंत्रण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

विजयवर्गीय समाज के आराध्य देव महाप्रभु स्वामीजी श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज के 307वें दो दिवसीय प्राकट्य महोत्सव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। इस महोत्सव के सफल आयोजन हेतु अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा मेवाड़ प्रदेश द्वारा प्रदेशभर में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि कस्बे में समाजजनों को घर-घर जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। महासभा से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर समाज के लोगों को आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और सपरिवार पधारकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। इस दौरान समाजजनों ने भी आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

महासभा अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि यह भव्य प्राकट्य महोत्सव आगामी 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को श्री रामनिवास धाम शाहपुरा में आयोजित होगा। दो दिवसीय आयोजन में आचार्य श्री के पावन सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा, वाणीजी पाठ, प्रवचन, आरती, प्रसादी एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। शोभायात्रा हाथी-घोड़े, बैंड-बाजा, छत्र-चंवर व शाही लवाजमे के साथ निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी।



इसके साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत 31 जनवरी को समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का डिजिटल परिचय अधिवेशन भी आयोजित किया जाएगा। इसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से युवक-युवतियों का परिचय प्रस्तुत किया जाएगा तथा परिवारों के आपसी समन्वय व परिचर्चा के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। महासभा ने समाजजनों से अपील की है कि वे अपने विवाह योग्य बच्चों का बॉयो-डाटा एवं वीडियो समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि परिचय अधिवेशन को अधिक उपयोगी बनाया जा सके। साथ ही सभी समाजबंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक व सामाजिक एकता का परिचय देने का आह्वान किया गया है। इस दौरान मेवाड़ से सुरेश कुमार कोठारी , दिनेश चंद्र , गोपाल एवं अनिल ने घर घर पहुंचकर समाजजनों को निमंत्रण दिया ।

# 41 किलो डोडा चूरा व पिकअप वाहन जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हमीरगढ़ थाना पुलिस ने 41 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा, एक धारदार तलवार तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया की बीती 24 दिसंबर को पुलिस थाना हमीरगढ़ को सूचना मिली कि डीएसटी टीम द्वारा एनएच-48 पर एक पिकअप का पीछा किया जा रहा है। पिकअप चालक अजय इंडिया फैक्ट्री के सामने वाहन छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। बिलियाकलां क्षेत्र में एनएच-48 चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा मार्ग पर खड़ी पिकअप की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान चालक सीट के नीचे एक धारदार तलवार मिली, जबकि पिकअप के डाले में रखे दो प्लास्टिक कट्टों में डोडा चूरा बरामद हुआ। बरामद डोडा चूरा का कुल वजन 41 किलो 400 ग्राम पाया गया।

अज्ञात पिकअप चालक द्वारा अवैध मादक पदार्थ व हथियार का परिवहन किए जाने पर पिकअप वाहन, डोडा चूरा एवं तलवार को जब्त किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

अभियुक्त द्वारा अपनी पिकअप में 41 किलो 400 ग्राम अवैध डोडा चूरा एवं एक तलवार रखकर परिवहन किया जा रहा था। पीछा होने पर वाहन छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।



QUICK BITES

## भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**मानव तिवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन और उनके सिद्धांत आज भी राजनीति व समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने सुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रहित की जो मिसाल कायम की, वह प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी से अटल जी के पदचिन्हों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने सुशासन की शपथ ली और जनसेवा व संगठनात्मक कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प व्यक्त किया।

## निरंकार पर दृढ़ विश्वास और गुरु पर भरोसे से ही जीवन का कल्याण संभवः संत ग्यारसीलाल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।





क्षेत्र के चौधरियास ग्राम में विशेष सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में भीलवाड़ा से पधारे ज्ञान प्रचारक संत ग्यारसीलाल के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

संत ग्यारसीलाल ने सत्संग को संबोधित करते हुए सत्गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत्गुरु वही होता है, जो सत्य का बोध कराकर तत्वज्ञान प्रदान करता है तथा मन के सभी भ्रम दूर करता है। सत्गुरु न केवल सही मार्ग दिखाता है, बल्कि भटकी हुई आत्मा को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य भी करता है। उन्होंने बताया कि सद्गुरु सर्वसमर्थ होता है और उसके समान कोई दूसरा दाता नहीं होता।

संत ग्यारसीलाल ने कहा कि जब भक्त सत्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर उसी मार्ग पर चलता है, तभी उसके जीवन की उलझनें समाप्त होती हैं। प्रभु परमात्मा की असीम शक्ति से जुड़ने पर जीवन में विशालता, विनम्रता और प्रेम का विकास होता है। भक्ति का प्रभाव न केवल व्यक्तिगत जीवन पर, बल्कि पूरे समाज पर सकारात्मक असर डालता है। उन्होंने माता-पिता और गुरु के वचनों का पालन करने को जीवन को स्वर्गमय बनाने का आधार बताया। सत्संग आयोजक मुकेश महात्मा एवं उनके परिवारजनों द्वारा संत ग्यारसीलाल का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। सत्संग में सुखदेव महात्मा , दुर्गालाल महात्मा, भोपाल महात्मा , दुर्गालाल महात्मा , वेणीराम महात्मा , रामपाल महात्मा , देवीलाल महात्मा , रामलाल महात्मा सहित अन्य संतों ने भी गीत, भजन और विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में बीगोद, मांडलगढ़, सोपुरा, नंदराय, बोरखेड़ा, कोटड़ी, पीपल्दा, बड़लियास सहित आसपास के कई गांवों से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महुआ ग्राम में पहुंचा अल्ट्राटेक जागरूकता अभियान रथ, ग्रामीणों में दिखा जबरदस्त उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

भारत गांवों में बसता है' – इसी सोच के साथ गांवों के सर्वांगीण विकास को गति देने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से एक विशेष जागरूकता एवं नवाचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहे अभियान रथ को लेकर ग्राम पंचायत महुआ के ग्रामीणों ओर जनप्रतिनिधियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

अभियान के अंतर्गत मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के महुआ ग्राम में कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला की बैठक में मांडलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा, काछोला थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा सहित क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रशासक उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत महुआ के बिजनेसमैन देवेंद्र कुमार अजमेरा ने मेवाड़ी परंपरा अनुसार किया,

कार्यशाला में अल्ट्राटेक सीमेंट के क्षेत्रीय सेल्स अधिकारी योगेश मिश्रा एवं तकनीकी अधिकारी तेजवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों का विकास ही देश की प्रगति की नींव है। उन्होंने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट एवं पंचायत प्रशासकों के संयुक्त प्रयास से गांवों में नवाचार, गुणवत्ता और टिकाऊ निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी भी साझा की गई। और नवाचार से गांव की तस्वीर व तकदीर बदली हैं।



इसी क्रम में महुआ कस्बे में आयोजित बैठक में अल्ट्राटेक सीमेंट के सभी उत्पादों एवं आधुनिक निर्माण समाधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। सीमेंट के साथ-साथ डब्लूपी200+ वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशन, टाइल्स एडहेसिव एवं अल्ट्राटेक सर्विस जैसे उत्पादों पर चर्चा की गई।

तकनीकी टीम ने मजबूत, टिकाऊ एवं सुरक्षित निर्माण हेतु सही उत्पाद चयन, उपयोग विधि एवं श्रेष्ठ निर्माण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की।ओर अल्ट्राटेक उत्पादकों के गुणवत्ता की सराहना की।

## सुशासन दिवसः भीलवाड़ा में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरुवार को जिले भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के मार्गदर्शन में समस्त राजकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार भी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आमजन के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्मिक सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी जिम्मेदारियों का सीधा संबंध आमजन को राहत पहुंचाने से है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। इस दौरान प्रशासन गांव की ओर शिविर, जिला स्तरीय कार्यशालाओं सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में गुरुवार को सुशासन दिवस समारोह संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस के अवसर पर समस्त राजकीय कार्यालयों के साथ-साथ सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भीलवाड़ा में भी सुशासन की शपथ ली गई। जहाँ सहायक निदेशक रविन्द्र वैष्णव ने कार्मिकों को शपथ दिलाई। इस दौरान एपीआरओ ईशांत काबरा, महावीर पाराशर एवं रोहित वर्मा सहित कार्यालय के समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर नगर पालिका में सुशासन दिवस का आयोजन

### सुशासन की शपथ, जन-जागरूकता रैली और जनसमस्याओं के समाधान के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर।** नगर पालिका परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीजी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को सुशासन की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित कुमार डीडवानिया, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, सहायक



अभियंता ललित मेवाड़ा, समाजसेवी शिव चंद्रवाल, मनोज गोधा सहित नगर पालिका के कार्मिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस के तहत नगर में विद्यार्थियों द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने नगर पालिका में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित एवं सकारात्मक समाधान के निर्देश दिए। साथ ही सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधक बन रहे डीपी खंभों के स्थानांतरण को लेकर एवीवीएनएल के सहायक अभियंता द्वारा नवीन तकमीना प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया। नगर पालिका द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने किया पशु आश्रयालय का शिलान्यास, क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।

(गजानंद जोशी)।

क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए गुरुवार को गोपीचंद मीणा ने जहाजपुर क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक मीणा ने बीसनीयां गौशाला में पशु आश्रयालय का शिलान्यास, क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन तथा आसोप में कंजर्वेशन रिज़र्व की चारदीवारी का भूमि पूजन किया।इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थानीय स्तर पर सड़क, बिजली एवं पेयजल से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कार्यक्रम में निर्मल राम महाराज (लुलास), हरिनारायण दास महाराज, प्रधान शकरण सिंह बेलवा, ठाकुर रघुवीर सिंह राणावत, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, दुर्गालाल धाकड़, जिला वन अधिकारी, क्षेत्रीय रेंजर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रशासक सांवरा



धाकड़ (बीसनीयां), रतनलाल (कांटी), देबीलाल (बोरड़ा), रमेश शर्मा (आसोप), भैरूलाल गुर्जर (रासेड), सत्यनारायण धाकड़ (रोपा), महामंत्री बलवीर सेन, महावीर धाकड़ (पारोली), रामलाल लोढ़ा, उपाध्यक्ष नटवर सिंह (रासेड), पप्पू लोढ़ा, दुर्गेश गुगलिया, महेश काबरा, भागचंद सनाढ्य, किशोर शर्मा, दीपक शर्मा, कैलाश जाट, आशाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वैष्णव बैरागी समाज की बैठक आयोजित

## रामानंदाचार्य जयंती की तैयारियों पर हुआ मंथन

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को वैष्णव बैरागी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 9 जनवरी को जगतगुरु रामानंदाचार्य जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई। करण वैष्णव ने बताया कि जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें शोभायात्रा, 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह तथा सायंकाल महादेव जी को प्रसादी का भोग अर्पित कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

बैठक में आयोजन को भव्य और अनुशासित रूप देने पर सहमति बनी तथा सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर उमाशंकर वैष्णव , दिलीप वैष्णव, निर्मल वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, सत्यनारायण वैष्णव , बजरंग वैष्णव, मनोज वैष्णव, नंदलाल वैष्णव, ललित वैष्णव, सत्यनारायण वैष्णव , पवन वैष्णव, मनीष वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# जाजू का राष्ट्रीय स्तर पर अनिरुद्ध भार्गव पर्यावरण पुरस्कार के लिए चयन

## दिल्ली में होगा सम्मान समारोह, एक लाख रुपए की राशि व स्मृति चिन्ह मिलेगा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एवं कल्चरल हेरिटेज का वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अनिरुद्ध भार्गव पर्यावरण पुरस्कार भीलवाड़ा चैप्टर के कन्वीनर बाबूलाल जाजू को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण, पशु कल्याण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, निष्ठावान और प्रभावशाली योगदान के लिए दिया जा रहा है।

इंटेक के चैप्टर्स डिवीजन डायरेक्टर ग्रुप कैप्टन अरविंद शुक्ला ने बाबूलाल जाजू को भेजे पत्र में इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके आजीवन समर्पण, नेतृत्व क्षमता और निःस्वार्थ सेवा का प्रमाण है। उन्होंने उल्लेख किया कि देशभर के विभिन्न इंटेक चैप्टर्स से प्राप्त 14 आवेदनों में से बाबूलाल जाजू का चयन किया गया है, जो उनकी कार्यशैली और प्रभाव को दर्शाता है।

यह पुरस्कार दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। सम्मान के अंतर्गत ?1,00,000 (एक लाख रुपए) की नकद राशि तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

इंटेक भीलवाड़ा के को-कन्वीनर श्याम सुंदर जोशी ने बताया कि बाबूलाल जाजू ने वर्षों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का कार्य किया है। वन्य जीव, नदियों को पुनर्जीवन, बड़े पैमाने पर पौधा रोपण, जंगलों के संरक्षण, जलाशयों के पुनर्जीवन, हरित आवरण बढ़ाने, पशु संरक्षण तथा आमजन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके प्रयासों से न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचा, बल्कि भावी पीढ़ियों में भी संरक्षण की चेतना मजबूत हुई है।

इस उपलब्धि पर इंटेक भीलवाड़ा के सीए दिलीप गोयल, रतनलाल दरगड, गुमान सिंह पीपाड़ा, अब्बास अली बोहरा, रामगोपाल अग्रवाल, ओम सोनी, सुरेश सुराना सहित अन्य सदस्यों ने बाबूलाल जाजू को इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और प्रेरणादायी सेवा पथ की कामना की।

# मोहित कहार का राष्ट्रीय खो-खो में राजस्थान टीम में चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** उपखंड क्षेत्र धूंधरी गांव के होनहार खिलाड़ी मोहित कहार ने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालयी (14 वर्ष छात्र वर्ग) खो-खो प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में अपना स्थान पक्का किया है। मोहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धूंधरी में कक्षा 7 का छात्र है तथा इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाला क्षेत्र का एकमात्र खिलाड़ी है।

विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामेश्वर प्रसाद बागड़ी ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता आगामी 16 से 21 जनवरी तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजरवाड़ा, केकड़ी में आयोजित होगी। खास बात यह है कि अपने ही गृह क्षेत्र में प्रतियोगिता होने से मोहित का चयन पूरे गांव व जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले मोहित कहार की इस सफलता से धूंधरी गांव सहित पूरे कहार समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। मोहित की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त विद्यालय परिवार, माता-पिता एवं ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# क्रिश्चियन समाज ने उत्साह व श्रद्धा से मनाया प्रभु यीशु का क्रिसमस पव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस क्रिसमस पर्व पर गुरुवार को भीलवाड़ा शहर के सभी चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। बाइबल के संदेशों के साथ देश में शांति, सौहार्द और भाईचारे की कामना की गई। क्रिश्चियन समाज ने क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया।

चर्चों में प्रभु के भजनों की मधुर गूंज सुनाई दी। युवाओं और महिलाओं द्वारा क्रिसमस को लेकर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने लघु नाटिकाओं के माध्यम से फरिश्ते, गड़रिये, मरियम और यूसुफ का वेश धारण कर प्रभु यीशु के जन्म का भावपूर्ण मंचन किया। चरनी और क्रिसमस ट्री सजाकर बच्चों ने प्रभु की स्तुति की, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

क्रिश्चियन सेवा समिति के अध्यक्ष गुडविन मसीह ने बताया कि गुरुवार सुबह से ही सभी चर्चों में समाजजन नई-नई वेशभूषा में पहुंचते हैं। प्रार्थना सभा के उपरांत एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी जाती हैं तथा केक खिलाकर मुंह मीठा कराया जाता है। इसके बाद समाजजन एक सप्ताह तक, नववर्ष तक, एक-दूसरे के घर जाकर बधाइयां देते हैं। घर-घर आए अतिथियों का स्वागत केक, गुजिया, शकरपारे, मठरी सहित विभिन्न मिठाइयों व व्यंजनों से किया जाता है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर से 1 जनवरी नववर्ष तक शहर के विभिन्न चर्चों में अनेक आयोजन होते हैं, जिनमें क्रिसमस ट्री कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सीनियर सिटीजन कार्यक्रम और पॉटलक लंच शामिल हैं।

क्रिसमस समारोहों में शहर के सभी चर्चों में अरविंद मसीह, थोमस वर्गीस, रेजी मैथ्यू, सुनील जोन, दीपक एडवर्ड, विवेक एलिस, मनोज जॉर्ज, शैलेन्द्र सिंह, अतुल मसीह, बिजू मैथ्यू, बिन्नी मैथ्यू एवं एरिक विलियम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गुरुदेव वेणीचंद म.सा. की 118वीं पुण्य स्मृति पर सेवा कार्य , ऊनी वस्त्र का किया वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



घोर तपस्वी गुरुदेव वेणीचंद महाराज साहब की 118वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर यश सिद्ध महिला मंडल द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सुभाष नगर में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई।

मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। सेवा कार्यक्रम में मंडल की संरक्षक कांता सोनी एवं सलाहकार भावना बडौला का विशेष मार्गदर्शन रहा। अध्यक्ष लाड देवी व निकिता बंब ने कहा कि गुरुदेव वेणीचंद म.सा. का जीवन तप, त्याग और करुणा का प्रतीक रहा है, जिनके आदर्शों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में मंत्री सरोज रॉका सहित पायल सोनी, इंदु बंब, अंगूरा पीपाड़ा, बिंदु धूपिया, सपना तातेड, निकिता बंब, हर्षा कोठारी, ललिता सोनी एवं मेघा भंसाली सहित मंडल की सभी बहनों का सक्रिय सहयोग रहा।

# सम्मेद शिखर यात्रा पर जा रहे यात्रियों का भव्य स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शांति भवन श्री संघ के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन पर जीतो द्वारा आयोजित सम्मेद शिखर यात्रा पर जा रहे यात्रियों का तिलक, माल्यार्पण एवं मंगलकामनाओं के साथ स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक उल्लास का वातावरण रहा।

श्री संघ व श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के निर्विघ्न व सफल होने की कामना की। अध्यक्ष राजेंद्र चीपड, मंत्री नवरतनमल भलावत व युवक मंडल अध्यक्ष पंकज लालानी ने कहा कि सम्मेद शिखर जैन धर्म का सर्वोच्च तीर्थ है, जिसकी यात्रा आत्मशुद्धि व संयम की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में शांति भवन श्री संघ व श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर शक्करगढ़ क्षेत्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी अमित कुमार जागेटिया, कृषि पर्यवेक्षक अंजली मीणा, राजेश मीणा, मस्तराम मीणा, मोसिन बेग एवं गुलशन मीणा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेखा दाधीच को राजस्थानी भाषा में मिला स्वर्ण पदक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में भीलवाड़ा की रेखा दाधीच को राजस्थानी भाषा में उच्च शिक्षा के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह दीक्षांत समारोह आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए। शैक्षणिक सत्र 2024 के अंतर्गत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें रेखा दाधीच पत्नी आदित्य व्यास को राजस्थानी भाषा में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा एवं राज्य मंत्री मंजू बाघमार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# अरावली बचाओ अभियान के तहत स्कूली बच्चो ने निकाली जागरूकता रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश देने के उद्देश्य से अरावली बचाओ अभियान के अंतर्गत कस्बा स्थित विंध्यावली स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अरावली बचाओ, हरियाली बचाओ भविष्य संवारो जैसे नारे लगाए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को अरावली पर्वत श्रृंखला के महत्व, जैव-विविधता संरक्षण और अवैध खनन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को अरावली बचाओ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

# बाजटा में सुशासन सेवा पखवाड़ा, अटल जयंती पर सरकार की उपलब्धियों का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**



**(दिलखुश)** । बाजटा ग्राम पंचायत में गुरुवार को भाजपा द्वारा सुशासन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई तथा भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों की जानकारी आमजन को दी गई। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक विजयप्रताप सिंह ने कहा कि सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। अटल जी के विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का मार्गदर्शन करते हैं। इस अवसर पर जिला संयोजक रामचंद्र बागड़ी, विधानसभा संयोजक विजय प्रताप सिंह शक्तावत, जिला एसटी मोर्चा महामंत्री रंगलाल भील, मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मंजीत सिंह, रोहित गुर्जर सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।